प्रादेशिक समाचार

03.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में रेलवे के विकास के लिए केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में 7,306 करोड रुपए किए आवंटित, रेल मंत्री अश्विनी वैश्नव ने कहा– झारखंड में 57 अमृत भारत स्टेशन बनाए जाएंगे।

2. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड सरकार ने स्टार्टअप आइडिया पोर्टल किया लॉन्च, राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए कल से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया होगी शुरू।

3. झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा गुमला में आयोजित राजकीय समारोह में हुए शामिल, कहा – सिरसी–ता–नाले को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।

4. आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता झारखंड के नए डीजीपी के रूप में हुए नियुक्त, झारखंड के 6 अधिकारियों को IAS कैडर में मिली प्रोन्नति।

5. जैक की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा पर संशय, एडमिट कार्ड नहीं हो सके जारी

*******************

केंद्रीय बजट में आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए रेल मंत्रालय ने झारखंड को सात हजार तीन सौ छह करोड़ रुपए आवंटित किये हैं। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैश्नव ने संवाददाता सम्मलेन में जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड का शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है और पूरे राज्य में 57 अमृत भारत स्टेशन बनाए जाएंगे।

साउंड बाइट – अश्विनी वैश्नव – 33 सेकेंड

इस मौके पर रांची मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि रांची, हटिया और जमशेदपुर स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास के रूप में विकसित किया जायेगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में स्वीकृत नई झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 के तहत राज्य सरकार ने कल से नए स्टार्टअप आइडिया आमंत्रित करने की शुरुआत की है। इस उद्देश्य के लिए **abvil.jharkhand.gov.in**पोर्टल तैयार किया गया है, जहां एप्लिकेंट अपने स्टार्टअप आइडिया ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य 2028 तक झारखंड में 1,000 स्टार्टअप विकसित करना है। इसके साथ ही झारखंड को स्टार्टअप इकोसिस्टम में अग्रिणी 10 राज्यों में शामिल करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

*******************

गुमला जिले के सिरसी गांव में जनजातीय समुदाय के धार्मिक स्थल सिरसी–ता–नाले में आज राजकीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिसा और छत्तीसगढ़ के हजारों लोग पहुंचे और पूजा अर्चना की। मौके पर जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इसे ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि भविष्य में और बड़े स्तर पर यह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा ने सिरसी–ता–नाले को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

*******************

रांची में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एनपी और एनसीपी के अंतर्गत झारखंड राज्य में सामान्य कैंसर के व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी, कल सुबह 10 बजे रांची के नामकुम स्थित आईपीएच ऑडिटोरियम में करेंगे। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की पहल पर आयोजित किया जा रहा है।

*******************

आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को झारखंड का नया डीजीपी नियुक्त किया गया है। गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग ने उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी की। उनका कार्यकाल 26 जुलाई 2024 से शुरू होकर दो साल के लिए होगा।

झारखंड कैडर के नॉन–स्टेट सिविल सेवा के छह अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में प्रोन्नति दी गई है। केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने वर्ष 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध अधिसूचना जारी कर दी है। प्रोन्नत अधिकारियों में धनंजय कुमार सिंह, सीता पुष्पा, बिजय कुमार सिन्हा, प्रीति रानी और राजेश प्रसाद शामिल हैं।

*******************

झारखंड में 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर संशय की स्थिति बन गई है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद रिक्त होने के कारण अबतक एडमिट कार्ड जारी नहीं हो पाएं हैं। इस कारण राज्य के 7 लाख 77 हजार से अधिक परीक्षार्थी चिंतित हैं, और शिक्षक संगठन ने हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है।

*******************

कोडरमा जिले में कुष्ठ मरीजो के इलाज के लिए स्पर्श कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है, जो 14 फरवरी तक चलेगा।

*******************

महाकुंभ में आज बसंत पंचमी के अवसर पर तीसरे अमृत स्नान में शाम 4 बजे तक लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इधर झारखंड में भी वसंत पंचमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा–अर्चना की जा गई। देवघर में बाबा बैद्यनाथ और दुमका के बाबा बासुकिनाथ धाम में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक और पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मिथिलांचल से हजारों श्रद्धालु बाबा का तिलक चढ़ाने पहुंचे, और आज बसंत पंचमी के मौके पर तिलकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।

*******समाप्त*******